21 APRIL - janj-BHOOMI-PG-01_Layout 1 4/21/2024 11:06 PM Page 1

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 22 अप्रैल 2024
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 43.0 डिग्री
न्यूनतम 27. 0 डिग्री

4
नारायण धाम सेवा समिति ने कराया दो निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह, दिया आशीर्वाद



## खबर संक्षेप

### जेठा में प्रधानमंत्री मोदी का आगजन कल, लेंगे आमसभा



**सक्ती।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आगमन जांजगीर-चाम्पा लोकसभा के जिला सक्ती के ग्राम जेठा मे हो रहा है। जहां विशाल जनसभा को सम्बोधित करते हुए बीजेपी प्रत्याशी श्रीमति कमलेश जांगड़े के पक्ष मे उपस्थित जनता को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री अपने चुनाव प्रचार अभियान और 400 पार के लक्ष्य को लेकर देश की जनता के बीच मे अपनी बात को नरेंद्र मोदी कश्मीर से कन्याकुमारी तक देश के कोने कोने तक जा रहे है। उनकी जनसभा को लेकर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व ने व प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बड़े स्तर से तैयारी शुरू कर दी है। उनके साथ मे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, प्रदेश अध्यक्ष किरणदेव सिंह, उप-मुख्यमंत्री विजय शर्मा, प्रभारी ओपी चौधरी सहित प्रदेश व जिला स्तर के सभी नेतागण मौजूद रहेंगे। उनके आगमन को लेकर क्षेत्र के आमजन व भाजपा कार्यकर्ताओ मे हर्ष व्याप्त हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जनसभा को लेकर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व ने व प्रधानमंत्री के आगमन को लेकर बड़े स्तर से तैयारी शुरू कर दी है। वहीं स्थल निरीक्षण किया जा रहा है।

### व्यवसायी के घर हुई चोरी का सप्ताह भर भी नहीं लगा सुराग

**जांजगीर-चांपा।** नगर के बाराद्वार रोड में स्थित राइस मिल एवं ट्रांसपोर्ट व्यवसायी प्रकाश चंद गोयल के निवास से दस लाख रूपये नकदी और सोने चांदी के जेवर सहित 76 लाख रूपये की हुई चोरी के मामले में एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ कोई सुराग नहीं लगा। शुकवार 12 अप्रैल की रात प्रकाशचंद गोयल के घर से आलमारी में रखे सोने चांदी के जेवर और नकदी रकम सहित लाखों रूपये की हुई चोरी ने चोरों को मुश्किल में डाल दिया है। वहीं इधर वारदात के 7 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली और कोई सुराग नहीं लगा है जिसके आधार पर पुलिस चोरों तक पहुंच सके।

### स्वीप अंतर्गत वॉकथान कार्यक्रम का आयोजन आज

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचक सहभागिता कार्यक्रम (स्वीप) के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। 22 अप्रैल को स्वीप वॉकथॉन का आयोजन प्रातः 7 बजे से बिसाहू दास महंत उद्यान से प्रारंभ होकर कचहरी चौक से वापसी होते हुए हाईस्कूल मैदान जांजगीर में संपन्न किया जाएगा।

### स्याही दिखाओ सामानों में 5 से 40 प्रतिशत तक छूट पाओ

**जांजगीर-चांपा।** लोकसभा निर्वाचन में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर जिला प्रशासन की ओर से कई नवाचार किए जा रहे हैं। इसके तहत जिला प्रशासन और व्यापार संघ ने पहल करते हुए जिले में 7 मई को मतदान करने वाले को जिले की प्रमुख प्रतिष्ठानों पर खरीददारी में 5 से 40 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। व्यापारियों की इस पहल की सभी जगह तारीफ हो रही है। चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री ईकाइ नैला-जांजगीर के अध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने बताया कि हर नागरिक का वोट मायने रखता है, इसलिए नागरिकों को लोकतांत्रिक अधिकार का इस्तेमाल करने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है। इस विशेष छूट की पेशकश कर हम अधिक लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। मतदान दिवस के दिन मतदान करके आने वाले को 10 से 40 प्रतिशत का डिस्काउंट दिया जाएगा। इसके साथ ही जिले अन्य दुकानों में 7 मई को मतदान करने वाले को जिले की प्रमुख प्रतिष्ठानों पर खरीददारी में 5 से 40 प्रतिशत तक की छूट दी जाएगी। इस विशेष छूट से लोगों को वोट डालने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

### बिजली के आंख मिचौली की समस्या हो रही दूर, उपभोक्ताओं को मिलेगी सुविधा

# विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त करने 110 करोड़ के प्रोजेक्ट का प्लान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त कर उपभोक्ताओं को बेहतर सुविधा देने विद्युत मंडल ने एक प्रोजेक्ट तैयार किया है। प्रोजेक्ट के तहत अभिवाजित जिले में 110 करोड रूपए की धनराशि खर्च की जाएगी। इसका लाभ उपभोक्ताओ को मिलेगा। बिजली की आंख मिचौली और अन्य परेशानी से आने वाले दिनों में उपभोक्ताओं को निजात मिलेगी। इस प्रोजेक्ट के लिए तैयारी शुरू हो चुकी है।

गौरतलब है कि अभिवाजित जिले में बिजली व्यवस्था बेहतर बनाया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओ को किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। इसके लिए 110 करोड रूपए की धन राशि खर्च की जाएगी। वही प्लान को अमलीजामा पहनाने जल्द काम शुरू भी कराए जाएगे, ताकि जांजगीर एवं सक्ती जिले के विद्युत उपभोक्ताओ को बेहतर सुविधा मिल सके। आरडीएसएस योजना के तहत ग्राहको को सुविधा प्रदान की जाएगी। अक्सर देखा जाता है कि बरसात एवं गर्मी के दिनो में शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रो की बिजली व्यवस्था चरमरा जाती है। अचानक मौसम के खराब होने अथवा गर्मी के दिनो मे बिजली की खपत अधिक होने के कारण लो वोल्टेज एंव ट्रासफार्मर खराब होने के चलते शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रो की बिजली ब्यव्स्था जवाब देने लग जाती है। इससे विद्युत अमले को भी सुधार कार्य के लिए मशक्कत करनी पड़ती है। वहीं उपभोक्ता भी बिजली के अभाव में हलाकान होते है। इस परेशानी को दूर करने विद्युत मंडल ने एक प्रोजेक्ट तैयार किया है। प्रोजेक्ट का मास्टर प्लान तैयार कर लेने के बाद इस पर काम शुरू किए जाएगे। ताकि ग्राहको को बिजली की समस्याओ से निजात मिल सके। जांजगीर एंव सक्ती जिले को मिलाकर विद्युत के करीब 4 लाख से अधिक उपभोक्ता शामिल है। साथ ही साथ बिजली चोरी रोकने कडे कदम भी उठाए जाएगें। देखा जाता है कि आज भी शहर एंव ग्रामीण क्षेत्रो में बडे पैमाने पर कई उपभोक्ता बिजली की चोरी बडे पैमाने पर कर रहे है। ऐसे बिजली चोरों के खिलाफ भी विद्युत मंडल ने कड़ी कार्रवाई की तैयारी शुरू कर दी है। विभाग के इस प्लान से आने वाले समय में लोगों को सहुलियत मिलेगी।



अव्यवस्थित कार्य के कारण फैला तारों का मकड़जाल।

#### लगाएं जाएंगें 703 नए ट्रांसफार्मर



बिजली ब्यवस्था बेहतर बनाने को लेकर 703 नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएगें। इनमें जांजगीर चाम्पा जिले मे 323 एंव सक्ती जिले में 380 नए ट्रांसफार्मर लगाए जाऐगें। इसके लिए आरडीएसएस योजना के तहत जांजगीर जिले में 55 लाख एंव सक्ती जिले में 55 लाख रूपए की राशि खर्च की जाएगी। ताकि इसका लाभ उपभोक्ताओ को मिल सके। देखा जाए तो सामाजिक आर्थिक जनगणना अभी नही हो पाई है। हर 10 साल के भीतर गणना किया जाना जरूरी है। उसी के आधार पर अभिवाजित जिले की जनसंख्या 16 लाख से भी अधिक थी। वर्तमान में यह आंकडा दोनो जिलो को मिलाकर 20 लाख से भी अधिक हो सकता है। उसी को ध्यान में रखकर ब्यवस्था बनाई जा रही है।

#### हर साल 5 हजार नए विद्युत उपभोक्ता

समय के साथ साथ बिजली की खपत एंव मांग भी बढ रही है। जिसके चलते उपभोक्ताओ की संख्या भी बढ रही है। जांजगीर एवं सक्ती जिले को मिलाकर हर साल 5 हजार नए विद्युत उपभोक्ता भी बढ रहे है। गांव से लेकर शहर तक पंखा, कुलर, एसी, सहित बिजली से चलने वाले उपकरणो की संख्या दिन प्रतिदिन बढ रही है।

#### बेहतर बनाई जाएगी व्यवस्था

अविभाजित जिले में विद्युत व्यवस्था बेहतर बनाने को लेकर 110 करोड रूपए की धनराशि खर्च की जाएगी। वहीं 703 नए ट्रांसफार्मर लगाएं जाएंगें।

-अमर चौधरी
अधीक्षण यंत्री
विद्युत मंडल कार्यालय जांजगीर

# प्रतिबंध के बाद भी देर रात तक वैवाहिक कार्यक्रम में बज रहा डीजे

### कार्रवाई नहीं होने से संचालकों के हौसले बुलंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

लोकसभा चुनाव को लेकर आचार संहिता लगा हुआ है। इसके बावजुद वैवाहिक एवं अन्य समारोह में देर रात तक डीजे एवं धुमाल सहित अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रो का उपयोग धडल्ले से किया जा रहा है। वही कार्यवाही नही हो पाने के चलते संचालको के हौसले भी बुलंद होते चले जा रहे है।

जांजगीर लोकसभा क्षेत्र के लिए मंगलवार 7 मई को मतदान होना है। वही चुनाव को लेकर आचरण आचार संहिता भी लगा हुआ है। इन सबके बावजुद वैवाहिक एंव अन्य कार्यक्रमो मे देर रात तक डीजे एवं धुमाल सहित अन्य ध्वनि विस्तारक यंत्रो का प्रयोग बडे पैमाने पर किया जा रहा है। वही चुनाव को देखते हुए रात 10 बजे के बाद डीजे एवं धुमाल के संचालन पर रोक लगाया गया है। वही नियमो को ताकपर रखकर कई डीजे एंव धुमाल संचालक बेखौफ होकर इनका संचालन कर रहे है। लोकसभा चुनाव को देखते हुए वैवाहिक कार्यक्रमो के लिए एसडीएम से अनुमति लेना भी जरूरी रहता है। अतिसंवेदन शील क्षेत्र जिनमे अस्पताल, शिक्षण संस्थान, अदालत, शासकीय कार्यालय, धार्मिक संस्थाऐ के 100 मीटर की परिधी में साऊंड सिस्टम के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है। इन सबके बावजुद नियमो को ताकपर रखकर इनका उपयोग धडल्ले से किया जा रहा है। वैवाहिक कार्यक्रमो के दौरान यातायात ब्यवस्था प्रभावित ना हो। वही इनके बावजुद शादी कार्यक्रम के दौरान सडको पर यातायात ब्यवस्था पूरी तरह से प्रभावित हो रही है। दोनो पक्षो के द्वारा सडक पर बारात लाने ले जाने एंव बारात स्वागत को लेकर सडको को जाम कर दिया जा रहा है।



कलेक्टोरेट में चाक चौबंद व्यवस्था।

आयोजनो के दौरान अधिकतम 1 00 सौ लोगो के शामिल होने की अनुमति दी जाति है। लेकिन इनसे कही अधिक लोगो की भीड कार्यक्रमो मे हो रही है। वही कार्यक्रम होने की जानकारी कलेक्टर, एसपी, एसडीएम, तहसीलदार, संबंधित थाना प्रभारी को भी दी जानी रहती है। ताकि कार्यक्रम के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी ना हो। लोकसभा चुनाव को देखते हुए वैवाहिक कार्यक्रमो के लिए एसडीएम से अनुमति लेना भी जरूरी रहता है। अतिसंवेदन शील क्षेत्र जिनमें अस्पताल, शिक्षण संस्थान, अदालत, शासकीय कार्यालय, धार्मिक संस्थाऐ के 100 मीटर की परिधी में साऊंड सिस्टम के उपयोग पर प्रतिबंध लगाया गया है।

#### की जाएगी कार्रवाई

लोकसभा चुनाव को लेकर आचरण आचार संहिता लगा हुआ है। इस दौरान वैवाहिक सहित अन्य कार्यक्रमो में रात 10 बजे के बाद डीजे एंव धुमाल बजाने पर मनाही है। शिकायत आने पर कार्यवाही की जाएगी।

-निशा नेताम मंडावी
उप जिला निर्वाचन अधिकारी

## नहर की तेज धार में बहकर दो युवकों की हुई मौत



नहर में बहे युवकों की लाश।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- खोखरा और धुरकोट में मिली लाश

नहर के पानी में डूबने से दो युवकों की मौत हो गई। एक युवक पहले नहर में गिरा। दुसरा युवक उसे बचाने नहर में कूद गया। नहर की तेज धार में दोनों बह गए उनकी मौत हो गई। एक की लाश खोखरा में तो दूसरे का शव धुरकोट के पास मिला मिला। मामला सिटी कोतवाली क्षेत्र का है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सिंचाई कालोनी के पास रहने वाला 33 वर्षीय रवि शंकर श्रीवास्तव 20 अप्रैल की रात लगभग 9:30 बजे घर से खाना लेने के लिए निकला था। राधा कृष्ण मंदिर के पास नहर के डिवाइडर से टकराकर वह नहर में गिर गया। रवि कों बचाने राधा कृष्ण मंदिर के पास रहने वाला 18 वर्षीय विजय देवांगन नहर में कूद गया। नहर की धार काफी तेज थी। रवि शंकर को बचाने के प्रयास में विजय भी उसके साथ बह गया। परिजन की सूचना पर पुलिस द्वारा रात में ही खोजबीन शुरू की गई, लेकिन अंधेरे के कारण पुलिस को सफलता नहीं मिली। रविवार 21 अप्रैल की सुबह रवि शंकर श्रीवास्तव का शव केंद्रीय विद्यालय के पीछे सकरी नहर खोखरा में मिल। वहीं विजय देवांगन का शव पानी में तैरता हुआ धुरकोट से भैंसदा रोड के नहर में मिला है। पंचनामा कार्यवाही कर पुलिस आगे की जांच में जुटी है।

### झाडियो में फेक दिया 400 सौ नग सिरप

**जांजगीर-चांपा।** जैजेपुर मे स्वास्थय विभाग की बडी लापरवाही सामने आई है। स्थिती यह है कि झाडियो में 400 सौ नग सिरप को फेक दिया गया है। इस अब्यवस्था के चलते स्टाप के लोगो पर सवाल उठने लगे है। जैजैपुर के स्वास्थय विभाग में बडी लापरवाही सामने आई है। स्थिति यह है कि आयरन एंड फोलिक एसिड सिरप जो एनिमिया मुक्त अभियान चलाने को लेकर लाया गया था। उसे एक्सपायरी समझकर फेक दिया गया है। जबकि इस सिरप की एक्सपायरी वर्ष 2025 तक निर्धारित है। इन सबके बावजुद दवाईयो को यु ही फेक दिया गया है। ऐसे में जैजैपुर स्वास्थय विभाग की लापरवाही पर सवाल उठने लगे है।

## हाइवा की चपेट मे आने से बाइक सवार युवक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

सक्ती जिले में शनिवार की रात सड़क हादसे मे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। वही एक युवक को गंभीर चोट आई है। बताया जा रहा है कि ओवरटेक करने की वजह से यह हादसा हुआ है। घटना मालखरौदा थाना क्षेत्र की है। पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा और घायल को इलाज के लिए मालखरौदा सीएचसी मे भर्ती कराया।

#### खास बात

- एक को आई गंभीर चोट, ओवरटेक करने के चक्कर मे हुआ हादसा



दुर्घटनाकारित हाइवा।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक ग्राम अंडा निवासी हरीश भारद्वाज पिता हीरालाल भारद्वाज उम्र 13 वर्ष शनिवार की शाम को बाइक से पोता होते हुए चरौदी की ओर जा रहा था। बाइक चालक के सामने से हाइवा गुजर रही थी। युवक हाइवा को ओवरटेक करने की कोशिश कर रहा था। जिसकी वजह से हाइवा चालक अपना आपा खो बैठा और बाइक चालक को अपनी चपेट में ले लिया। इससे हरीश हाइवा से कुचला गया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। बाइक के पीछे एक अन्य युवक भी था। उसे भी गंभीर चोटें आई है। राहगीरों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा और घायल को इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मालखरौदा मे भर्ती कराया। हाइवा चालक के खिलाफ धारा 279, 337, 304ए के तहत जुर्म दर्ज कर पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## लैपटाप और मोबाईल की चोरी करने वाले दो आरोपी 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

घर के अंदर से महंगी मोबाईल और लेपटॉप चोरी करने वाले 2 आरोपियों कों अकलतरा पुलिस ने 48 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से चोरी किया गया सामान बरामद किया गया है, जिसकी क़ीमत 2 लाख रुपए बताई जा रही है।

इस संबंध में पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार अकलतरा वार्ड क्रमांक 9 निवासी अमन पाल सिंह के घर से 19 अप्रैल को रात्रि में एप्पल कंपनी का लैपटाप एवं एप्पल कंपनी का आई पेड गुगल कंपनी का मोबाईल को कोई अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया। मामले की रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 457, 380 कायम कर विवेचना में लिया। विवेचना दौरान मुखबीर से सूचना प्राप्त हुई की घटना दिनांक को दीपेश सिह बैस उर्फ छोटू निवासी अधियारी पाठ अकलतरा एंव महेन्द्र भुवने उर्फ गोलू निवासी रहसबेडा अकलतरा को देखा गया था, जो घटना दिनांक से फरार है। मुखबीर से सूचना मिली कि संदेही जिला कोरबा रामपुर क्षेत्र मे छीपे है। अकलतरा पुलिस द्वारा टीम गठीत कर तत्काल मुखबीर के बताये स्थान मे जाकर पतासाजी करने पर निहारिका के चौपाटी मे उक्त संदेहीयो को हिरासत मे लिया गया। मनोवैज्ञानिक तरीके व कडाई से पूछताछ करने दोनों ने जुर्म स्वीकर किया। आरोपियों की निशानदेही पर खटोला नहर के पास छीन पेड के नीचे एक बैग मे छिपाकर रखा चोरी का सामान बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों आरोपियों कों गिरफ्तार कर 21 अप्रैल को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### लोकसभा चुनाव को लेकर जगह जगह की गई है टीम की तैनाती

## चेकिंग पॉइंट में तैनात टीम से गाली गलौज, पुलिस ने 4 को पकड़ा


हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

चेकिंग पॉइंट में तैनात एस एस टी टीम के कर्मचारी एवं अधिकारी को चेकिंग के दौरान गाली गलौच करने वाले 4 आरोपियो को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से एक कार बरामद की गई है। मामला नवागढ़ थाना क्षेत्र का है।

लोक सभा चुनाव में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर जिला में अलग अलग जगहों पर एस एस टी टीम लगाई गई है। टीम द्वारा निर्धारित चेकिंग पॉइंट में वाहनों की जांच की जा रही है। उपअभियंता बम्हनीडीह लवकुमार यादव की ड्यूटी 20 अप्रैल को एस एस टी तेंदुआ मोड में लगी थी। वे अपनी टीम के साथ ड्यूटी कर रहे थे। इस दौरान आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। तभी सफेद रंग की कार क्रमांक सीजी 11 बीके 8800 में सवार 4 लोग आये और वाहन चेकिंग के दौरान ड्यूटी में लगे कर्मचारी एवम विडीयोग्राफर को क्यों चेकिंग कर रहे हो कहते हुए हुज्जतबाजी करने लगे। शासकीय कार्य में बाधा डालते हुये गाली गलौच करते विडीयोग्राफर दिपक सोनवानी को धक्का मुक्की कर कैमरा को छिनने की कोशिस कर रहे थे। टीम को गाली गलौच करते हुए सभी लोग भाग गए। मामले की रिपोर्ट पर आरोपियों के विरूद्ध थाना नवागढ़ में धारा 294, 186, 353, 34 कायम कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने आरोपी शशीकांत साहू , सुबोध सिंह, हर्ष तिवारी, अनांश सिंह को उनके ठिकाने से पकड़ लिया। सभी को गिरफ्तार कर 21 अप्रैल को न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया। उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के दौरान शराब, नगदी रकम और अन्य सामग्रियों का अवैध परिवहन किया जाता है। इस पर नकेल कसने के लिए एफएसटी और एसएसटी की टीम विभिन्न स्थानों पर तैनात रहकर जांच और कार्रवाई करती है। ऐसे ही एसएसटी की जांच टीम को गाली गलौज कर 4 युवक फरार हो गए थे। पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए 24 घंटे के अंदर ही चारों आरोपियों को उनके ठिकानों से पकड़ लिया। उक्त कार्रवाई में उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक सत्यकला रामटेके थाना प्रभारी नवागढ, उपनिरीक्षक रमेश एक्का, एएसआई सुरेंद्र प्रताप कश्यप, प्रधान आरक्षक प्रेमलाल बघेल, आरक्षक श्याम कुमार शांते, रमेश भारद्वाज, मागवेंद्र, टुकेश्वर डनसेना, शिव बघेल का योगदान रहा।




गिरफ्तार आरोपी।



## खबर संक्षेप

### असुविधा से बचने सीएसईबी देगा अस्थाई कनेक्शन : माधवी



**कोरबा।** बुधवारी बाजार में लगने वाली दुकानों में बिजली का उपयोग तो जरूर हो रहा है लेकिन अवैध रूप से लंबे समय से यह काम धड़ल्ले से चल रहा है और इसके जरिए सीएसईबी को चपत लगाई जा रही है। मामला सीएसईबी के संज्ञान में है लेकिन इस पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। दूसरी ओर पाड़ीमार जोन की सहायक अभियंता माधवी पटेल ने सुझाव दिया है कि गर्मी में संसाधन का उपयोग करने के लिए बुधवारी बाजार के लोग सीएसईबी से अस्थाई कनेक्शन ले सकते हैं।

### आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की कर सकते हैं शिकायत

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्वाचन में पारदर्शिता और विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन उपलब्ध कराया गया है। सी-विजिल का अर्थ सिटीजन विजिलेंस यानी नागरिकों की सतर्कता है। सी-विजिल के माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की कुशलतापूर्वक त्वरित रिपोर्ट प्रस्तुत किया जा सकता है। इसके माध्यम से आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की गतिविधि को रोकने में मदद मिलती है और निर्वाचन प्रक्रिया पारदर्शी एवं जवाबदेही सुनिश्चित की जाती है। सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन को गूगल प्ले स्टोर एवं एप्पल स्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह एप्लीकेशन नागरिक जुड़ाव और प्रवर्तन प्रक्रिया में भागीदारी को बढ़ावा देता है। निर्वाचन को ठीक से संचालित करने के लिए विश्वास-आधारित साझेदारी की आवश्यकता है और यह मोबाइल एप्लीकेशन जागरूकता, विश्वास और आत्मविश्वास पैदा कर उस साझेदारी को सुगम बनाने में सहायक सिद्ध होता है। कलेक्टर ने जिले के सभी नियुक्त रिटर्निंग ऑफिसर्स सहित अन्य अधिकारियों को सी-विजिल मोबाइल एप्लीकेशन के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए हैं।

### डीएवी खरमोरा में मनाया गया समर्पण दिवस



**कोरबा।** डीएवी खरमोरा के विद्यालय प्रांगण में महात्मा हंसराज जयंती मनाया गया। प्राचार्य, शिक्षकों तथा विद्यार्थियों के द्वारा भाषण व कहानी द्वारा महात्मा हंसराज के जीवन चरित्र तथा कार्यों को याद किया गया। प्राचार्य हेमंतो मुखर्जी द्वारा विद्यार्थियों को महात्मा हंसराज के भारतीय दर्शन तथा शिक्षा के क्षेत्र में योगदान से अवगत कराया गया। प्राचार्य ने बताया डीएवी भारत की सबसे बड़ी गैरसरकारी शैक्षणिक संस्था है।

### ब्लड बैंक के कर्मी के साथ हुज्जतबाजी, मामला दर्ज



**कोरबा।** एक युवक द्वारा ब्लड बैंक के कर्मी के साथ हुज्जतबाजी की गई थी। घटना ब्लड बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरा में कैद हो गई थी। ब्लड बैंक कर्मी की शिकायत पर पुलिस ने युवक पर धारा 294, 323 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। निहारिका क्षेत्र स्थित बिलासा ब्लड बैंक में शुक्रवार देर रात बृजेश नामक युवक कर्मचारी के साथ मारपीट को अंजाम दिया। सारी घटना सीसीटीवी कैमरा में कैद हो चुकी है। इस संबंध में पीड़ित कर्मचारी ने सिविल लाइन थाना में लिखित शिकायत दर्ज करायी है। कर्मचारी लैब टेक्नीशियन भूपेंद्र पटेल ने बताया कि रात करीब 10.30 बजे वह ड्यूटी पर था कि तभी बृजेश यादव नामक एक युवक शराब के नशे में धुत्त होकर ब्लड बैंक पहुंचा। लैब टेक्नीशियन भूपेंद्र पटेल के बताए अनुसार ब्लड बैंक में एक व्यक्ति ब्लड लेने के लिए पहुंचा था, उसे ब्लड की आवश्यकता था। वह युवक ब्लड बैंक से ब्लड के बादले अपना ब्लड देना चाहता था, लेकिन वह नशे में था इसलिए भूपेन्द्र ने उसका ब्लड लेने से मना कर दिया दिया। इसी बात पर बृजेश यादव द्वारा शराब के नशे में उसका ब्लड लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा था और इससे मना करने पर विवाद करते हुए मारपीट की घटना को अंजाम दिया गया। इस मामले में सिविल लाइन पुलिस ने बृजेश यादव के खिलाफ धारा 294, 323 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### 1 जून तक एग्जिट पोल और प्रसारण पर रहेगा प्रतिबंध

**कोरबा।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा निर्वाचन के अंतर्गत 1 जून तक किसी भी तरह के एग्जिट पोल के आयोजन तथा प्रसारण को प्रतिबंधित किया है। आयोग द्वारा इस संबंध में अधिसूचना जारी करते हुए लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 के प्रावधानों के तहत इस अवधि के दौरान किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल के आयोजन को प्रतिबंधित किया गया है।

### अजगरबहार में एक वर्ष पूर्व से चल रही तहसील को अब तक नहीं मिला भवन

# नहीं मिली एनओसी, अटका है तहसील कार्यालय के भवन निर्माण का कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा अनुविभाग के अंतर्गत आने वाली अजगरबहार तहसील को अब तक उसका भवन नहीं मिल सका है। तहसील को चलते हुए एक साल से अधिक का समय बीत चुका है और भवन निर्माण के लिए एनओसी नहीं मिलने के कारण निर्माण कार्य शुरू नहीं हो पा रहा है।

**खास बात**

- जिला आदिवासी सेवा सहकारी समिति के गोदाम का निर्माण भी अटका

सप्ताह में एक दिन ही तहसील संचालित हो पा रही है। वहीं लेमरू में शुरू हुआ तहसीलदार का लिंक कोर्ट भी नहीं चल पा रहा है।

जिला मुख्यालय से 30 किलोमीटर दूर अजगरबहार में डेढ़ वर्ष पूर्व तहसील कार्यालय का संचालन शुरू किया गया था। भवन की सुविधा न होने की स्थिति में तहसील कार्यालय का संचालन ग्राम पंचायत के भवन में वैकल्पिक तौर पर प्रारंभ किया गया था, जो आज तक ग्राम पंचायत के भवन में ही संचालित हो रहा है। तहसील कार्यालय के लिए नये भवन के लिए जमीन के चयन का काम राजस्व विभाग के द्वारा शुरू किया गया था, लेकिन जिस स्थान पर जमीन मिली वह वन विभाग के अंतर्गत आती है। साथ ही ग्राम अजगरहार से दूर होने के कारण पंचायत प्रतिनिधियों ने इस पर अपनी सहमति नहीं दी। फलस्वरूप जमीन चयन के लिए विभाग ने दूसरी जगह तलाश की, वहां भी वन विभाग की जमीन आने के कारण एनओसी की प्रक्रिया शुरू की गई। मामला तकनीकी दृष्टि से लंबा होने के कारण उसकी स्वीकृति अब तक नहीं मिली है। फलस्वरूप तहसील भवन के निर्माण का कार्य अब तक प्रारंभ नहीं हो पाया है। ग्रामीणों की मांग पर लेमरू में भी लिंक कोर्ट शुरू किया गया था। शुरू में यह कार्य तेजी से चला, लेकिन अब वह भी नियमित रूप से नहीं चल पा रहा है। वन विभाग की एनओसी नहीं मिलने की वजह से जिल्गा क्षेत्र में आदिवासी सेवा सहकारी समिति के लिए गोदाम की स्वीकृति दी गई थी और इसके लिए राशि भी जारी की गई, जमीन के लिए तहसीलदार के द्वारा एनओसी की प्रक्रिया शुरू करते हुए वन विभाग को पत्र प्रेषित किया गया, किंतु अब तक उनके द्वारा एनओसी नहीं दिए जाने से गोदाम का निर्माण भी अटका पड़ा हुआ है। गोदाम न होने के कारण धान एवं बीज रखने के लिए समिति के पास पर्याप्त जगह नहीं है। जिसके कारण समिति के संचालक मंडल के द्वारा इसके संबंध में पत्र भी प्रेषित किया गया है, किंतु वन विभाग के कानों में जूं तक नहीं रेंगी।

**पंचायत प्रतिनिधियों ने जिला प्रशासन को कराया है अवगत**

अजगरहार तहसील कार्यालय के लिए जमीन के लिए एनओसी नहीं मिलने के प्रकरण से ग्राम के निवासी डॉ.गूंजलाल राठिया ने जिला प्रशासन को अवगत कराया है। श्री राठिया ने बताया कि राजस्व जमीन का सही रूप से निर्धारण नहीं होने के कारण विवाद की स्थिति बार बार निर्मित हो रही है जिसका निराकरण नहीं होने के कारण शासकीय कार्य क्षेत्र में रूके पड़े हुए हैं। इसके लिए जिला प्रशासन को लिखित रूप से भी अवगत कराया गया है। तहसील कार्यालय शुरू होने से आसपास के ग्रामीणों को एक बड़ी सुविधा मिली है।

**तहसील अंतर्गत आते हैं 12 हल्के**

अजगरबहार तहसील अंतर्गत कुल 12 हल्के आते हैं, इन 12 हल्कों में 17 गांव शामिल है। सभी वनांचल ग्राम है जहां वन भूमि ज्यादा हैं। ग्रामीणों के खेत भी जंगलों में होने के कारण सीमांकन के समय कभी-कभी वन भूमि का दायरा आ जाता है। उक्त क्षेत्र में वन अधिकार के पट्टे भी काबिजधारियों को वितरित किए गए हैं। जिनका राजस्व रिकार्ड में दर्ज किए जाने का काम अभी भी पूरा नहीं हो सका है, जिसके कारण ग्रामीणों को तकनीकी दिक्कतों का सामना करना पड़ा है।

## दिल्ली की टीम ने गढ़ उपरोड़ा तिलकेजा अस्पताल का किया निरीक्षण



सरकारी अस्पताल का ऑपरेशन थिएटर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य सुविधाओं में बढ़ोत्तरी को लेकर काम किया जा रहा है, जिससे मरीजों को तत्काल बेहतर चिकित्सा सुविधा मुहैया कराई जा सके। विभाग द्वारा ऐसे स्वास्थ्य केंद्रों में संसाधन बढ़ाने की कवायद की जा रही है। इसी बीच दिल्ली से आई टीम ने गढ़ उपरोड़ा और तिलकेजा के सरकारी अस्पताल का जायजा लेकर यहां की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को परखा।

जिले के मुख्यालय में मेडिकल कॉलेज के साथ एक अपर सीएचसी और पांचों ब्लॉक में इसी स्तर के अस्पतालों का संचालन किया जा रहा है। इसके अलावा सैंकड़ों की संख्या में प्राथमिक और लघु स्वास्थ्य केंद्र भी चलाए जा रहे हैं इनके माध्यम से लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं। प्रदेश सरकार ने यहां पर अधोसंरचना विकसित करने के साथ संसाधनों को बढ़ाया है। भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग की ओर से चलाई जा रही कायाकल्प योजना से भी अनेक अस्पताल पुरस्कृत हुए हैं। इससे उन्हें अपनी व्यवस्था को बेहतर करने का विकल्प मिला है। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए निरंतर जतन हो रहे हैं। दिल्ली से आई टीम के द्वारा हाल में ही गढ़ उपरोड़ा और तिलकेजा के सरकारी स्वास्थ्य केंद्र का जायजा लिया गया और वहां की गुणवत्ता से लेकर कामकाज के तौरतरीकों को जाना गया। जिले के मुख्य चिकित्सा और स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि जिले के अनेक स्वास्थ्य केंद्रों को कायाकल्प योजना में शामिल करने के लिए कई प्रकार के काम किए गए हैं।

## ट्रेलर की टक्कर से बाइक सवार युवक घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कटघोरा-अंबिकापुर नेशनल हाइवे में तेज रफ्तार ट्रेलर की ठोकर से बाइक सवार दो युवक सड़क पर जा गिरे। घटना में दोपहिया सवार युवक को चोटें आई है। उसे स्थानीय अस्पताल से प्राथमिक उपचार पश्चात जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है। मामले में पुलिस विवेचना कर रही है।

घटना गुरूवार की देर रात घटित हुई। बताया जा रहा है कि कोरबी पुलिस चौकी अंतर्गत ग्राम कुल्हरिया पाली निवासी मनमोहन सिंह अपने साथी संत कुमार के साथ बाइक से किसी काम से कटघोरा आया था, जहां से देर रात दोनों घर लौट रहे थे। वे चोटिया पेट्रोल पंप के सामने पहुंचे थे, इसी दौरान एक तेज रफ्तार ट्रेलर के चालक ने उनकी बाइक क्रमांक सीजी 12 बीएल 8743 को ठोकर मार दिया। ट्रेलर की ठोकर लगते ही बाइक सवार दोनों युवक सडक़ पर जा गिरे। घटना को अंजाम देकर चालक वाहन सहित भाग निकला। घटना में मनमोहन गंभीर रूप से घायल हो गया,जबकि संत कुमार को भी चोटें आई थी। राहगीरों ने उसे खून से लथपथ देख डॉयल 112 व पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पहुंचे पुलिस ने दोनों घायलों को उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल भेज दिया, जहां से मनमोहन की हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया।

**बोलेरो ने बाइक को मारी टक्कर, मौत**

दीपका थाना अंतर्गत गेवरा के 132 केवी सब स्टेशन के पास एक बेकाबू बोलेरो में मोटरसाइकिल सवार को अपने लिया चपेट में ले लिया। दुर्घटना इतनी जबरदस्ती की मौके पर एक व्यक्ति की मौत हो गई है। घटना के बाद बोलेरो चालक मौके से फरार हो गया है। घटना में मोटरसाइकिल चालक का हाथ, पैर टूट गया हैं जिन्हें राहगिरों ने गंभीर अवस्था में घायल को अस्पताल पहुंचा गया। गेवरा नगर प्रशासन सिविल ऑफिस में कार्यरत जुग्गीलाल चुटेल सफाई कर्मचारी है, वह अपने ससुर को खिलावन बेरिहा को लेकर दीपका से शक्ति नगर जा रहा था। उसी दरमियान एक बोलेरो के चपेट में आ गया और और जुग्गीलाल के ससुर खिलावन की घटनास्थल पर ही मौत हो गई।



## मेडिकल कॉलेज अस्पताल में इलाज के दौरान अज्ञात महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

मेडिकल कॉलेज अस्पताल में ईलाज के दौरान एक वृद्धा की मौत हो गई। उसका बीते 13 दिनों से इलाज चल रहा था। पुलिस ने शव को मर्च्युरी में रखवाते हुए शिनाख्ती के लिए प्रयास शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि 5 अप्रैल को मानिकपुर पुलिस चौकी अंतर्गत एक वृद्धा गंभीर हालत में मिली थी। सूचना मिलने पर पहुंची डॉयल 112 की टीम ने उसे इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल दाखिल करा दिया, जहां स्वास्थ्य कर्मी वृद्धा का उपचार के साथ साथ देखभाल कर रहे थे। इसके बावजूद कोई भी परिजन उसका सुध लेने नही पहुंचा।

आखिरकार वृद्धा की इलाज के दौरान मौत हो गई। मामले में मेमों मिलने पर अस्पताल पुलिस ने शव को सुरक्षित मर्च्युरी में रखवाते हुए मृतिका की शिनाख्ती का प्रयास कर रही है। इसके लिए जिले के अलावा पड़ोसी जिलों की पुलिस को भी अवगत कराया गया है।

## बस से गिरा बैग, बाइक सवार युवक ले भागे, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाइवे में निजी बस चालकों की लापरवाही के कारण न सिर्फ लोग हादसे का शिकार होते हैं, बल्कि कीमती सामान से भी हाथ धोना पड़ता है। ऐसा ही एक वाक्या शहर में रहने वाले युवक के साथ हुआ। उनके हाथ से कम्प्यूटर लैपटाप सहित कीमती सामान से भरा बैग छुटकर बस से नीचे जा गिरा। वे संभल पाते, इससे पहले चालक ने रफ्तार बढ़ा दिया, जिसका फायदा उठाते हुए बाइकर्स बैग को लेकर फरार हो गए।

दरअसल सिविल लाइन रामपुर थानांतर्गत महाराणा प्रताप नगर में प्रांजल पांडेय निवास करते हैं। वे श्रीराम ऑटोमाल इंडिया लिमिटेड के कोरबा में कार्यरत हैं। वे 17 अप्रैल को आफिस से संबंधित काम में सिलसिले में अंबिकापुर गए थे, जहां से दूसरे दिन 18 अप्रैल को काम निपटाकर शिवम बस में रतनपुर जा रहे थे। रात करीब 10.50 बजे बस नेशनल हाइवे के ओछिनापारा रतनपुर ओवरब्रिज के पास पहुंची थी। इसी दौरान बस के परिचालक ने रतनपुर के यात्रियों को दरवाजे के पास आने की बात कह दी। उसकी आवाज सुन श्री पांडेय जैसे ही बैग लेकर दरवाजे की ओर बढ़े, नीचे रखे जूता चप्पल में पैर के फंसने से लडख़ड़ा गए। उनके हाथ से छूटकर बैग बस के नीचे सडक़ पर जा गिरा। वे संभल पाते, इससे पहले ही चालक ने बस की रफ्तार बढ़ा दी। उनके आवाज लगाने के बावजूद बस काफी दूर चली गई। वे जैसे ही बस से उतरकर अपने बैग की ओर बढ़े, बाइक में पहुंचे दो युवक बैग को लेकर फरार हो गए। जिसकी सूचना श्री पांडेय ने तत्काल रतनपुर थाना पहुंचकर दे दी है।

### प्रेक्षक से आम नागरिक निर्वाचन संबंधी कर सकते हैं शिकायत

**कोरबा।** लोकसभा निर्वाचन कोरबा लोकसभा अंतर्गत जिले के सभी चारों विधानसभा रामपुर, कटघोरा, पाली-तानाखार, कोरबा हेतु सामान्य प्रेक्षक प्रेमसिंह मीणा आईएएस से आमनागरिक सुबह 9 बजे से 10 बजे तक एनटीपीसी कावेरी भवन गेस्ट हाउस कक्ष क्रमांक-1 में मुलाकात कर सकते हैं। इसी तरह उनके मोबाइल नम्बर 76470 45883 में सम्पर्क कर निर्वाचन संबंधी शिकायत की जा सकती है। इसी तरह भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत कोरबा लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत जिला मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर के दो विधानसभा (भरतपुर-सोनहत, मनेन्द्रगढ़), जिला कोरिया के 1 विधानसभा (बैकुण्ठपुर) एवं जिला गौरला-पेण्ड्रा-मरवाही के 1 विधानसभा (मरवाही) हेतु सामान्य प्रेक्षक कैलाश सुखदेव पगारे (आईएएस) को नियुक्त किया गया है। उक्त विधानसभा के संबंधित निर्वाचन संबंधी शिकायतों के लिए आम नागरिक एनटीपीसी स्थित कावेरी गेस्ट हाउस में सुबह 9 से 10 बजे तक कक्ष क्रमांक 1 में मुलाकात कर सकते हैं। इसके साथ ही इनके मोबाइल नंबर 76470 46318 में संपर्क कर निर्वाचन संबंधी शिकायत कर सकते हैं।

## बालको व चैतमा रेंज में लगातार लग रही आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



चैतमा के जंगल में लगी आग।

जैसे-जैसे तापमान बढ़ता जा रहा है वैसे ही जंगल में भी आग लगने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। जंगल को आग से बचने की दिशा पर वन विभाग लगातार प्रयास कर रहा है, लेकिन कोई ठोस सफलता हाथ नहीं लग रही है। बालको और चैतमा रेंज के कई इलाकों में बड़े पैमाने पर आगजनी की घटना सामने आई है। जिससे जंगल में लगे वन औषधि व पेड़ पौधे बुरी तरह जलकर खाक हो गए हैं। हालांकि समय रहते वन विभाग की टीम ने इस इाग बुझाने में कामयाबी हासिल की है।

उल्लेखनीय है कि गर्मी का सीजन शुरू होते ही जंगल में आगजनी का सिलसिला शुरू हो जाता है। अप्रैल के महीने में तापमान 43 डिग्री के पास जा पहुंचा है। ऐसे में जंगल धू-धूकर चल रहा है। कोरबा और कटघोरा वनमंडल के कई इलाकों में लगातार आगजनी की घटना सामने आ रही है। नया मामला बालको रेंज के दूधीटांगर व लेमरू मार्ग में सामने आई है। इस इलाके में कई जगह जंगलों में आग लगी है। आगजनी की सूचना पर वन विभाग की टीम लगातार मौके पर पहुंच रही है और आग को काबू करने का लगातार प्रयास कर रही है। लेकिन जिस तरह से जंगल में आग लग रहा है उसे निश्चित तौर पर विभाग को भारी नुकसान हो रहा है।

वहीं दूसरी ओर कटघोरा वनमंडल के चैतमा रेंज में भी आगजनी की कई घटनाएं सामने आई है। बताया जाता है कि चैतमा रेंज में लाख उपाय करने के बावजूद भी वन विभाग जंगल में आगजनी रोक पाने में असफल रहा है। बीट गॉड एवं वन परिक्षेत्र सहायकों के लिए बनाए गए आवास जर्जर हो चुके हैं, पदस्थ कर्मचारी अधिकारी अपने मुख्यालय में नहीं रहकर अपने घर से आना-जाना करते हैं, जिसके चलते क्षेत्र के जंगलों में आगजनी एवं अवैध कटाई व बेजाकब्जा आम बात हो गई है। बीते 19 अप्रैल को इरफ बीट के गोपालपुर तो हाथी बाड़ी के जंगल में आग लगी थी। जब तक कर्मचारी को सूचना मिली सूचना मिलने पर मौके पर पहुंचे तब तक आधा से अधिक जंगल जल चुका था।










21- APR-Jash-RAGH--CORIYA-JANJ-Bhoomi pg-3_Layout 1 4/21/2024 7:13 PM Page 1





# पहले से भी ज्यादा वाइल्ड होगी 'एनिमल पार्क'...

**मुंबई।** रणबीर कपूर के करियर की हाईएस्ट ग्रॉसिंग फिल्म 'एनिमल' के बारे में लोग आज भी बात करना बंद नहीं करते। इस मूवी ने बतौर एक्टर रणबीर का रुतबा तो बढ़ाया ही, साथ ही बॉबी देओल का खोया स्टारडम भी वापस लौटाया। अब रणबीर इस मूवी के सीक्वल 'एनिमल पार्क' को लेकर चर्चा में हैं। अब तक यही जानकारी सामने आई है कि 'एनिमल पार्क' में पहले से ज्यादा डार्क कंटेंट देखने को मिलेगा। रणबीर कपूर, 'रामायण' फिल्म के लिए खुद को तैयार करने में बिजी है। हाल ही में एक इवेंट के दौरान 'एनिमल' को बनाने वाले संदीप रेड्डी वांगा ने 'एनिमल पार्क' को लेकर एक अपडेट दी है।

## लाइफ Style

# दिशा

## वीडियो ने सोशल मीडिया पर मचाई तबाही

एजेंसी ▶▶ मुंबई

बॉलीवुड की सुपर हॉट एक्ट्रेस दिशा पाटनी आज किसी परिचय की मोहताज नहीं हैं। फिल्मों में अपने हुस्न का जलवा दिखाने वालीं दिशा पाटनी ने अदाकारी और एक्शन से भी लोगों का दिल जीता है।

बी टाउन की ये खूबसूरत अदाकारा आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी मदहोश करने वालीं फोटोज शेयर करती हैं। कातिलाना अदाओं से लोगों का दिल जीतने वालीं दिशा पाटनी ने इस बार हॉटनेस से भरी अपना एक वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में एक्ट्रेस बॉडी स्विमसूट में दिलकश अदाओं का जलवा कैमरे के सामने दिखाती नजर आ रही हैं। दिशा का ये वीडियो देख यूजर्स खुद को उनकी तारीफ करने से रोक नहीं पाए।

इस वीडियो में दिशा पाटनी कैमरे के सामने एक से बढ़कर एक पोज देती नजर आ रही हैं। वह अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट कर रही हैं। फैंस ने उनकी ब्यूटी के साथ ही उनके कॉन्फिडेंस की भी तारीफ की है। दिशा का ये वीडियो काफी पसंद किया जा रहा है। इस वीडियो में दिशा पाटनी गोल्डन कलर के बॉडीकॉन सूट में नजर आ रही हैं। खुले बाल और मिनिमल मेकअप में एक्ट्रेस की ब्यूटी देखने लायक बन रही है। बी टाउन की इस गॉर्जियस एक्ट्रेस के वर्कफ्रंट की बात करें, तो फैंस उन्हें 'वेलकम टू द जंगल' में देखेंगे। ये मल्टी स्टार कास्ट वाली फिल्म होगी, जिसमें अक्षय कुमार, रवीना टंडन, संजय दत्त सहित कई कलाकार होंगे।



## हॉलीवुड मसाला



# अमेरिकन आइडल फेम नहीं रहीं

**लॉस एंजिलिस।** अमेरिकन आइडल स्टार और ग्रैमी विजेता स्टार मैंडिसा का 47 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह फ्रैंकलिन, टेनेसी में अपने घर पर संदिग्ध हालात में मृत पाई गईं। मैंडिसा के ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट पर उनके निधन की जानकारी दी गई है। पुलिस इस मामले में जांच पड़ताल कर रही है। इस खबर से मैंडिसा के फैंस काफी दुखी हो गए हैं। मैंडिसा ने 'अमेरिकन आइडल 5' में हिस्सा लिया था, इसके साथ ही वह ग्रैमी अवॉर्ड विनर भी थीं।



# एक सीन को फिल्माने में लग गए 78 दिन...

**लॉस एंजिलिस।** फिल्म निर्माण एक लंबी प्रक्रिया है यह बात सबको पता है। निर्माण के दौरान एक सीन को फिल्माने के लिए ना जाने कितने ही टेक देने होते हैं। कभी-कभी यह एक टेक में भी पूरा हो जाता है और कभी-कभी यह काफी समय ले लेता है। यह बात हॉलीवुड की फिल्म 'मैड मैक्स' की प्रीक्वल 'फ्यूरियोसा' ने सिद्ध कर दी है। फिल्म के एक 15 मिनट के सीन को फिल्माने के लिए 78 दिन लग गए। एक साक्षात्कार के दौरान फिल्म के निर्देशक जॉर्ज मिलर ने इसका खुलासा किया। फिल्म के निर्देशक ने हाल ही में दिए गए एक साक्षात्कार में बताया कि फिल्म के एक 15 मिनट के एक्शन सीन को फिल्माने के लिए सेट पर रोज 200 स्टंटमैन मौजूद रहते थे।



# दोहराया अजय का आइकॉनिक पोज

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण जल्द ही फिल्मेकर रोहित शेट्टी की फिल्म 'सिंघम अगेन' में नजर आएंगी। इन दिनों इस फिल्म की शूटिंग चल रही है। इस बीच रोहित शेट्टी ने फिल्म के सेट से दीपिका पादुकोण की एक तस्वीर शेयर की है। रोहित शेट्टी ने जो तस्वीर शेयर की है उसमें दीपिका पादुकोण पुलिस यूनिफॉर्म में दिखाई दे रही हैं। रोहित शेट्टी द्वारा शेयर की गई तस्वीर में दीपिका पादुकोण अजय देवगन का आइकॉनिक 'सिंघम स्टेप' करती नजर आ रही हैं। रोहित शेट्टी ने तस्वीर शेयर करने के साथ ही कैप्शन में लिखा है- 'माई हीरो...रील में भी और रियल में भी, लेडी सिंघम!!!' रोहित शेट्टी के कॉपवर्स में दीपिका पहली फीमेल कॉप होंगी। रोहित ने पिछले साल फिल्म के इस किरदार को लोगों के सामने पेश किया था।



# शाहिद दमदार लुक में आएंगे नजर...

**मुंबई।** 'इश्क विश्क' से बालीवुड में कदम रखने वाले शाहिद कपूर को इंडस्ट्री में 21 साल हो चुके हैं। इस दौरान उन्होनें कई बेहतरीन किरदारों को परदे पर जीवंत किया। पिछले कुछ सालों में अपनी फिल्मों के चयन के जरिए उन्होनें एक अलग पहचान बनाई है। हाल ही में वह 'फर्जी' वेब सीरीज में दिखे थे। फिलहाल वह एक्शन थ्रिलर फिल्म 'देवा' की शूटिंग में व्यस्त हैं। इस बीच शाहिद ने फिल्म के सेट से अपनी एक मोनोक्रोम तस्वीर शेयर की है। इसे लेकर उनके फैंस काफी उत्साहित हैं। शुक्रवार को शाहिद ने अपनी आगामी फिल्म 'देवा' के सेट से खुद की एक तस्वीर साझा की। इसमें वह चश्मा लगाए कार में बैठे कैमरे से दूर कहीं देखते हुए नजर आ रहे हैं। इस तस्वीर को शेयर करते हुए उन्होनें लिखा, 'आज का मूड'!

## टीवी मसाला

# शहनाज गिल ने पार की बोल्डनेस की सारी हदें...

**मुंबई।** पंजाब की कैटरीना के नाम से फेमस शहनाज गिल को सलमान खान के रियलिटी शो 'बिग बॉस 13' से एक खास पहचान मिली थी। इस शो के बाद शहनाज ने शोहरत हासिल की जिसे पाने के लिए लोग सालों मेहनत करते हैं। आज शहनाज बॉलीवुड इंडस्ट्री का एक जाना माना नाम हैं। शहनाज ने अब तक के करियर में कई म्यूजिक वीडियोज के साथ अपना बॉलीवुड डेब्यू भी कर लिया है। शहनाज गिल ने हाल ही में अपना लेटेस्ट फोटोशूट कराया है, जो बेहद बोल्ड है। इन तस्वीरों को शहनाज ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस की हॉटनेस देखकर फैंस की आंखें फटी की फटी रह गईं। तस्वीरों में आप देख सकते है कि शहनाज ने ब्रालेस होकर ब्लैक कलर का लेदर का कोट पहना हुआ है। इसके साथ एक्ट्रेस ने फ्रंट ओपन जालीदार स्कर्ट पहनी है। इस स्कर्ट को उन्होंने आगे से पूरा ओपन कर रहा है, जिसकी वजह से वो हद से ज्यादा ही बोल्ड नजर आ रही हैं। हर तस्वीर में शहनाज ने अलग-अलग अंदाज में पोज दिए।



## फराह के घर सजी सितारों की महफिल

**मुंबई।** फिल्मेकर और कोरियोग्राफर फराह खान इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव हैं। वह हर दिन अपने इंस्टाग्राम पर कुछ ना कुछ पोस्ट करती रहती हैं। अब फराह ने अपने घर की एक पार्टी का वीडियो पोस्ट किया है। वीडियो में देखा जा सकता है कि फराह खान के घर में बॉलीवुड सितारों की महफिल सजी हुई है। फराह खान ने पार्टी की जो क्लिप शेयर की है उसमें जावेद अख्तर, अनु मलिक, सोनू निगम, राजकुमार राव, पत्रलेखा, साजिद खान, हुमा कुरैशी, अदिति राव हैदरी, सिद्धार्थ, सलीम मरचेंट जैसे सितारे नजर आए। इन्हीं सितारों के बीच, दीपिका कक्कड़ और शोएब इब्राहिम को भी फराह खान के घर स्पॉट किया गया। फराह खान की हाउस पार्टी में अनु मलिक और सोनू निगम ने मिलकर शाहरुख खान की मूवी 'मैं हू ना' का गाना 'किसका है ये तुमको इंतजार' गाकर लोगों का दिल जीत लिया।



# अच्छे प्रोजेक्ट के इंतजार में हैं परिणीति

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा इन दिनों अपनी फिल्म 'अमर सिंह चमकीला' को लेकर चर्चा में बनी हुई हैं। इम्तियाज अली द्वारा निर्देशित ये फिल्म अमर सिंह चमकीला और उनकी पत्नी अमरजोत कौर के जीवन पर आधारित है। फिल्म में परिणीति ने अमरजोत का किरदार निभाया है। अभिनेत्री ने हाल ही में फ्लॉप फिल्मों की वजह से कम काम मिलने को लेकर खुलकर बात की है। उन्हें उम्मीद है कि इंडस्ट्री में उनकी प्रतिभा को पहचाना जाएगा और उन्हें ऑफर आएंगे।परिणीति चोपड़ा ने एक बातचीत में कहा कि वह समान अवसर चाहती हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे ऐसा लगता है कि मैं वहां मौजूद सभी निर्माताओं से अवसर चाहती हूं। बड़े निर्माता, बड़े स्टूडियो प्रमुख और बड़े निर्देशक अगर हमारी प्रतिभा को पहचानते हैं। अगर हमारी कड़ी मेहनत दिखती है, तो बस हमें वह अवसर दीजिए।



# एक नहीं दो बार छोड़ी 2 ब्लॉकबस्टर फिल्में

***मुंबई।*** *करीना कपूर खान अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'क्रू' की सक्सेस का सेलिब्रेट कर रही हैं। इस कॉमेडी ड्रामा को फैंस ने खूब पसंद किया। खैर, एक इंटरव्यू में संजय लीला भंसाली की 'राम लीला' छोड़ने पर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि वह पहले इस फिल्म का हिस्सा थी। लेकिन उन्होंने छोड़ दिया और इसके बाद ही दीपिका पादुकोण आईं। करीना ने कहा, मैं लक में विश्वास करती हूं, और मेरा मानना है कि आपके जीवन में जो कुछ भी होना है वह किसी भी चीज के जरिए से होगा। करीना कपूर खान ने आगे कहा, सब कुछ सितारों में लिखा है और सब कुछ हर किसी के लिए नहीं लिखा है। यह पहली बार नहीं था कि करीना ने भंसाली के साथ काम करने का मौका छोड़ा हो। करीना ने एक बार संजय लीला भंसाली को 'देवदास' करने से मना कर दिया। करीना को पारो का किरदार निभाना था, जिसे बाद में ऐश्वर्या राय बच्चन ने निभाया। करीना कपूर खान ने खुलासा किया था कि फिल्म के लिए साइनिंग अमाउंट देने के बावजूद संजय लीला भंसाली ने अचानक उन्हें रिप्लेस कर दिया था।*



## अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल की फिल्म ने रचा इतिहास

# 500 करोड़ में बनी 'पुष्पा 2' ने रिलीज से पहले ही कमा लिए 1200 करोड़

**मुंबई।** एक ओर जहां टीजर रिलीज के बाद से हर कसिी की फिल्म को लेकर बेताबी बढ़ गई है, वहीं एक नई रिपोर्ट में दावा किया गया है कि अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहद फासिल की इस फिल्म ने प्री-रिलीज कमाई में नया इतिहास रच दिया है। बताया जाता है कि 500 करोड़ के बजट में बनी 'पुष्पा 2' ने रिलीज से पहले ही 1200 करोड़ रुपए से अधकि की कमाई कर ली है!

### 570 करोड़ में बिके थएिटर राइट्स

रिपोर्ट में कहा गया है कि 'पुष्पा 2' के हिंदी डब वर्जन के लिए कथित तौर पर 200 करोड़ रुपए डील हुई है। इस बारे में हमने भी पहले खबर दी थी कि रवीना टंडन के पति अनिल थडानी ने उत्तर भारत में फिल्म के डिस्ट्रीब्यूशन के लिए यह डील की है। जबकि नई रिपोर्ट में कहा गया है कि दक्षणि भारत में डिस्ट्रीब्यूशन के लिए 270 करोड़ रुपए में थिएटर राइट्स बिके हैं। जबकि विदेशी बाजार में भी 100 करोड़ या उससे अधिक में थएिटर्स राइट्स की डील पक्की हुई है। यानी फिल्म ने थएिटर में रिलीज के लिए हुए डील्स से ही 570 करोड़ रुपए की कमाई कर ली है।

*अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा 2' का हर किसी को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म 15 अगस्त 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। 'सिंघम अगेन' के पोस्टपोन होने के बाद अब इसके सामने कोई बड़ी फिल्म भी नहीं है। ऐसे में अनुमान यही है कि यह फिल्म कमाई के नए रिकॉर्ड बनाएगी।*



### ओटीटी और ऑडियो-सैटेलाइट के लिए 750 करोड़ की डील

ओटीटी पर रिलीज के लिए 'नेटफ्लिक्स' ने भी कथित तौर पर 'पुष्पा 2' के स्ट्रीमिंग राइट्स 275 करोड़ रुपए में खरीद लिए हैं। यह किसी भी साउथ इंडियन फिल्म के लिए अब तक की सबसे बड़ी राशि है। साथ ही पिछली बार फिल्म के सुपरहिट गानों को देखते हुए इस बार ऑडियो राइट्स भी ऊंचे दाम में बिके हैं। टीवी पर फिल्म की रिलीज के लिए सैटेलाइट राइट्स से करोड़ों की डील हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक, ऑडियो और सैटेलाइट्स राइट्स की डील से मेकर्स ने 450 करोड़ रुपए की कमाई की है।

### 1295 करोड़ रुपए हुई कमाई

इस तरह यदि प्री-रिलीज कमाई के इन सारे आंकड़ों को मिला दें तो यह 1295 करोड़ रुपए है। जाहिर तौर पर यह अब तक रिलीज किसी भी फिल्म के मुकाबले एक नया रिकॉर्ड है। जिस तरह 'पुष्पा 2' को लेकर बाजार का माहौल है, फैंस की जिस तरह की दीवानगी देखी जा रही है, यह कहना गलत नहीं होगा कि फिल्म 15 अगस्त 2024 को जब बॉक्स ऑफिस पर रिलीज होगी तो छप्परफाड़ कमाई करेगी।

## खबर संक्षेप



### नारा लेखन में अशोक एवं अंकिता को किया सम्मानित

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में स्वीप कार्यक्रम के तहत गीत-कविता एवं नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के माध्यम से गीत-कविता एवं नारा लेखन के माध्यम से लोगों को मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को कलेक्टर आकाश छिकारा ने प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। गीत-कविता में प्रथम देवकुमार सोनझरी कुदरी गीत, द्वितीय अनुभव तिवारी कविता एवं दिनेश चतुर्वेदी कविता तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी प्रकार प्रथम दिवांशी यादव, द्वितीय अशोक अग्रवाल एवं तृतीय स्थान सरिता पटेल को प्राप्त किया। इसके साथ ही उत्कृष्ट नारा लेखन में सुश्री अंकिता अग्रवाल को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### नहरिया बाबा मंदिर में मनेगा हनुमान जन्मोत्सव 23 को

**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय में नहरिया बाबा (हनुमान जी) मंदिर है, जहां पूरे वर्ष श्रद्धालु दर्शन करने आते हैं. यहां प्रत्येक शनिवार और मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है. साथ ही प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु यहां पूजा अर्चना करने पहुंचते हैं. वहीं हनुमान जन्मोत्सव 23 अप्रैल को है, जिसकी तैयारी मंदिर में की जा रही है. नहरिया बाबा मंदिर में हनुमान जयंती के दिन 50 हजार से अधिक संख्या में भक्त मत्था टेकते हैं और नहरिया बाबा जी का दर्शन करते है। हनुमान जयंती के अवसर पर मानस महायज्ञ और संत सम्मेलन का आयोजन किया जाता है। हनुमान जयंती के दिन सुबह से लेकर रात तक भक्तों की भीड़ रहती है. मंदिर परिसर में मंदिर समिति द्वारा यहां भंडारे का आयोजन किया जाता है और सवामढ़ी प्रसाद बांटा जाता है. जिसमें बड़ी संख्या में भक्त प्रसाद ग्रहण किया करते हैं. दिनभर मंदिर में भजन-कीर्तन का दौर चलता रहता है. जांजगीर चांपा जिले से श्रद्धालु दर्शन करने आते ही है. इसके साथ ही अन्य जिलों और पड़ोसी राज्यों से भी भक्त दर्शन करने यहां आते है।

### कोनारगढ़ में कलशयात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ

**मुलमुला।** आदि शक्ति मां धुत्तिन दाई मंदिर के पास लीलागर नदी के तट परभब्य कलश यात्रा के साथ भागवत ज्ञान कथा 20 अप्रैल से प्रारंभ हुई। जहां कलश यात्रा में सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया सब के सहयोग से भागवत कार्यक्रम किया जा रहा है पूजा पाठ के समय सुबह 7बजे से 9 बजे किया जा रहा है कथा रसपान के समय गर्मी को देखते हुए दोपहर 3 बजे से7 बजे साम तक किया जाता है मुख्य जजमान अमरीका आनंद राम निषाद है । कथा वाचक पंडित गुरु कुमार त्रिपाठी अध्यक्ष मोहन सेवा समिति ठाकुर पाली भटगांव जिला सारंगढ़ बिलाई गढ़ द्वारा कथा रसपान किया जा रहा है। यह कार्यक्रम संगीत मय भागवत कार्यक्रम है भक्त लोग अच्छे से आनद उठा रहे है। कार्यक्रम को सफल बनाएं रखने के लिए ग्राम वासी अपनासहयोग दे रहे है विशेष रूप से सतीश बाबा का योगदान है यह कथा का समापन 28 अप्रैल को होगा। रात में कीर्तन भजन का कार्यक्रम किया जाता है। भव्य पंडाल लाइटिंग व्यवस्था जबरजस्त साउंड सिस्टम लगाया गया है। इधर धुत्तीन दाईं मंदिर एक आकर्षण का केंद्र बना है। जहां कथा सुनने लोग बड़ी संख्या में पहुंच रहे है।



कथा सुनाते आचार्य।

## कागजों में ही सिमटकर रह गई साफ-सफाई के लिए बनाई समिति

# बदहाली के दौर से गुजर रहे जिले के अधिकांश तालाब

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के अधिकांश तालाब बदहाली के दौर से गुजर रहे है। इनके संरक्षण व संवर्धन पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। ग्राम पंचायत स्तर पर बनाई गई स्वच्छता समिति महज कागजों में ही सिमटकर रह गई है।

गौरतलब है कि अविभाजित जिले में 657 ग्राम पंचायत एवं 925 राजस्व गांव की संख्या है, वहीं 7652 तालाबों है। इनमें 4457 शासकीय तो वही 2986 निजी तालाब है, लेकिन आधुनिकता के इस दौर में तालाबों का संवर्धन एवं संरक्षण नहीं हो पा रहा है, जिसके कारण अधिकांश तालाब इन दिनों अस्तित्व संकट की समस्या से जूझ रहे हैं। आज भी ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के लिए निस्तारी का प्रमुख संसाधन तालाब ही है, लेकिन तालाबों की साफ सफाई नहीं होने से अधिकांश तालाब जलकुंभी एवं कचरे से अटा पड़ा है। ग्राम पंचायतों में तालाबों के रखरखाव एवं साफ सफाई के लिए बनाई गई समिति महज कागजों में ही सिमट कर रह जाती है। पहले जहां ग्रामीण क्षेत्रों में धान सहित अन्य फसलों के लिए तालाबों के माध्यम से ही पानी पहुंचाया जाता था, लेकिन आधुनिकता के इस दौर में तालाबों का उपयोग खेती-बाड़ी के लिए पहले की अपेक्षा अब कम होने लगा है। हर साल गर्मी के दिनों में जल संकट की समस्या रहती है वही गांव के तालाबों का जलस्तर भी कम होने लगता है। ऐसे में पेयजल की समस्या भी मवेशियों के लिए होती है। इसके अलावा कई ग्राम पंचायतों का तालाब जलकुंभी से अटा पड़ा है, जिसके कारण तालाबों की सफाई एवं संवर्धन नहीं हो पा रहा है। जांजगीर-चांपा जिले में सबसे अधिक तालाब नगर पंचायत खरौद में है। अकलतरा विकासखंड के ग्राम पंचायत नरियरा का रामसागर तालाब 100 एकड़ क्षेत्रफल में फैला हुआ है। इसके बाद चांपा शहर का राम बांध का तालाब भी तकरीबन 90 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल में फैला हुआ है। शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में देखा जाए तो आधुनिकता के इस दौर में लोग तालाबों का उपयोग भी कम कर रहे हैं, जबकि पूर्व के समय में संसाधनों की समस्या थी जिसके कारण स्नान के लिए तालाब का का ही ज्यादातर लोग उपयोग करते थे। यही वजह है कि तालाबों की साफ-सफाई नियमित तौर पर नहीं हो पा रही है।



जलकुंभी से अटा पड़ा तालाब।

# मॉडल स्टेशन में आधा दर्जन सुपर फास्ट ट्रेनों का नहीं स्टॉपेज

## गाड़ी पकड़ने आज भी चांपा, बिलासपुर का चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा




जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में आधा दर्जन से अधिक सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं है। ऐसे में रेल यात्रियों को गाड़ी पकड़ने के लिए बिलासपुर एवं चांपा शहर का चक्कर लगाना पड़ता है। इसे लेकर रेल संघर्ष समिति द्वारा फरियाद भी लगाई जा चुकी है, लेकिन इसके बाद भी समस्या बनी हुई है।

गौरतलब है कि जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन धीरे-धीरे मॉडल रेलवे स्टेशन के रूप में विकसित होता जा रहा है, लेकिन अब तक आधा दर्जन से अधिक सुपरफास्ट ट्रेनों का यहां स्टॉपेज नहीं है। ऐसे में बड़ी गाड़ी पकड़ने के लिए रेल यात्रियों को चांपा एवं बिलासपुर शहर की दौड़ लगानी पड़ती है। जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन से रेल यात्री प्रतिदिन सैकड़ों की तादाद में बिलासपुर रायगढ़ कोरबा रायपुर भोपाल मुंबई दिल्ली चेन्नई नागपुर समेत अन्य शहरों की ओर व्यापारिक एवं अन्य कार्यों के लिए आवाजाही करते हैं। ऐसे में ट्रेनों का स्टॉपेज नहीं होने से उन्हें परेशानी उठानी पड़ती है। हालांकि ट्रेनों के स्टॉपेज को लेकर रेल संघर्ष समिति के द्वारा कई बार रेलवे विभाग के उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। एक तरफ देखा जाए तो जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन के माध्यम से प्रशासन को करोड़ों रुपए का राजस्व हर साल प्राप्त होता है लेकिन समस्या जस की तस बनी हुई है। जिन सुपरफास्ट ट्रेनों का स्टॉपेज जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में नहीं है, इनमें हावड़ा मुंबई मेल, हावड़ा पुणे, आजाद हिंद, दुर्ग राजेंद्र नगर साउथ बिहार, बिलासपुर पटना सुपर फास्ट, पुरी बीकानेर एवं पुरी वलसाड समेत अन्य कई बड़ी गाड़ियों का स्टॉपेज जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में नहीं है। इस समस्या को लेकर रेल संघर्ष समिति द्वारा प्रशासन की उच्च अफसरों को अवगत कराया गया है। जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन के माध्यम से बनारी सिवनी नैला, जांजगीर शहर, धाराशिव, सुकली, दर्राभांठा, नवागढ़ शिवरीनारायण समेत अन्य क्षेत्रों से बड़ी संख्या में लोग रेल के माध्यम से आवाजाही करते हैं। इस तरह से देखा जाए तो सुपर फास्ट ट्रेनों का स्टापेज नहीं होने से रेल यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ती है। उन्हें चांपा रेलवे स्टेशन से उतरकर जांजगीर आने में बस एवं आटो का सहारा लेना पड़ता है।

# कुरदा के हितग्राहियों को पीएम ग्रामीण आवास योजना की दूसरी किशत अप्राप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

ग्राम कुरदा के हितग्राहियों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की दूसरी किशत अभी तक नहीं मिल पाई है। जिसके चलते आवास निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ है।

ज्ञात हो कि ग्राम कुरदा के हितग्राहियों दुखीराम ,संतूराम , कुशल प्रसाद, आदि कई हितग्रहियो को प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास योजना की दूसरी किस्त की राशि अभी तक नहीं मिला है जिससे उनका आवास निर्माण का य पिछले सा त आ ठ माह से अधूरा पड़ा हुआ हैं। प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास निर्माण योजना की राशि तीन किस्तों में प्रदान किया जाता हैं, प्रथम किस्त की राशि सात आठ माह पूर्व हितग्राहियों के बैक खाते हैं भेजा गया था जिससे हिताग्रहियो के द्वारा प्रधान मंत्री ग्रामीण आवास निर्माण का कार्य अक्तूबर नवंबर माह में प्रारंभ किए गए थे प्रथम किस्त की राशि से आवास निर्माण कार्य का कालम एवं नीव खोदाई कराकर मकान निर्माण का नीव भराई एवं कालम खड़ाकर डीपीसी लेबल तक निर्माण कार्य हुआ हैं , उसके बाद से हितग्राहियों को दूसरी किस्त की राशि अभी तक प्रदान नहीं किए गए हैं जिससे उनका आवास निर्माण कार्य अधूरा पड़ा हुआ हैं। वे अगली किस्त राशि के इंतजार में आवास निर्माण कार्य को पूर्ण करने बांट जोह रहे हैं।

- **ग्रामीणों को पीएम आवास योजना का नहीं मिल पा रहा लाभ**



अधूरा पड़ा निर्माण कार्य।

## कब सुधरेगी पार्किंग व्यवस्था...




**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर के व्यवस्तम चौक चौराहों में पार्किंग व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। सिटी डिस्पेंसरी के बगल में सब्जी मार्केट तो लगा दिया है, लेकिन पार्किंग व्यवस्था का कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किया गया है। जिसके चलते सब्जी खरीदने पहंचे लोगों को सड़क पर ही अपनी वाहन खड़ी कर सामान खरीदने की मजबूरी बनी होती है। वहीं कई बार वाहन अधिक खड़ी रहने से वहां पर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती है। जिम्मेदार पालिका प्रशासन इस दिशा में कोई पहल नहीं कर पा रहा है। फोटो : हरिभूमि

### 7 मई को मतदान के 48 घंटे पूर्व से बंद रहेंगी मदिरा दुकाने

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन, वाणिज्यिक कर आबकारी विभाग, मंत्रालय के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी आकाश छिकारा ने छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम, 1915 की धारा 24 की उप-धारा (1) के अंतर्गत लोकसभा निर्वाचन 2024 के तृतीय चरण के मतदान तिथि मंगलवार 7 मई को जिले में स्थित समस्त मदिरा दुकानों को मतदान समाप्ति के 48 घण्टे पूर्व से अर्थात 5 मई को सायं 6 बजे से 7 मई तक सम्पूर्ण दिवस के लिए तथा मतगणना तिथि 4 जून मंगलवार को जिले के देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान जांजगीर, देशी एवं विदेशी मदिरा दुकान नैला, प्रीमियम शॉप जांजगीर, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान खोखरा, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान पिसौद, देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान सरखो एवं मद्यभाण्डागार जांजगीर को संपूर्ण दिवस के लिये बंद रखे जाने हेतु शुष्क अवधि व शुष्क दिवस घोषित किया है।

# समर कैंप में प्रतिभावान छात्रों को दिया गया जाति प्रमाण पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



समर कैंप के समापन में शामिल हुए जिला शिक्षा अधिकारी समय कैंप का आयोजन विगत एक सप्ताह से शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मुड़पार ब में किया जा रहा है। जिसके अंतिम दिन कैंप समापन में जिला शिक्षा अधिकारी, बीईओ शामिल हुए समापन कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजनों का प्रदर्शनी रखा गया था।

कक्षा छठवीं के छात्र लोकेश के द्वारा तबला का उत्कृष्ट वादन किया गया जिससे छात्रों की प्रतिभा से जिला शिक्षा अधिकारी बहुत प्रभावित हुए छात्रा कुमारी ट्विंकल के द्वारा समर कैंप में किए गए गतिविधियों का प्रतिवेदन जिला शिक्षाआधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किया गया , साथ ही विषय मित्र कु अंजली और स्कूल स्टार छात्राओ ने नए सत्र में सातवी से आठवीं जाने वाले बच्चो का गणित विषय का बेसिक दस दिनों में खुद से चुनौती लेकर पूर्ण कर दिया ,जिसकी जिला शिक्षा अधिकारी ने प्रशंसा की और अपने उद्बोधन में कहा की इस प्रकार के आयोजन से बच्चों को बहुत लाभ होता है और शासन की योजना है की समर कैंप का आयोजन सभी स्कूलों में किया जाए इसके लिए हमारी कार्य योजना तैयार हो गई है उन्होंने छात्रों द्वारा निर्मित पोर्टफोलियो, कबाड़ से जुगाड़ , कक्षा सजावट , विभिन्न टी एल एम का अवलोकन भी किया और कहा की इस प्रकार की गतिविधियों से बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए बहुत मदद मिलती है व बच्चो की प्रतिभा सामने आती है समर कैंप के प्रतिभावान छात्रों को उन्होंने जाति प्रमाण पत्र, मेडल ,पेन कॉपी ,कंपास का वितरण किया साथ ही बच्चों के लिए न्योता भोजन का आयोजन किया गया। जिसमे विकासखंड शिक्षा अधिकारी मोहन लाल कौशिक शामिल हुए।

# नारायण धाम सेवा समिति ने कराया दो निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह, दिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा


छत्तीसगढ़ के झुंझुनू धाम के रूप में प्रसिद्ध श्री नारायणी धाम सेवा समिति चाम्पा द्वारा स्थापित दादी मंदिर में 19 अप्रैल को दो निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह कार्यक्रम बाराद्वार शहर की बहनों एवं श्री नारायणी धाम सेवा समिति परिवार के सहयोग के संपत्र हुआ।

दादी मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में जहां विभिन्न स्थानों से लोग जोड़ों को आशीर्वाद देने एवम सामूहिक विवाह के साथी बनने के लिए पहुंचे हुए थे.तो यहीं दोनों ही जोड़ों को विधिवत रानी सती दादी के दरबार में फेरे की संपूर्ण रीति रिवाज एवं रस्मों के साथ विवाह संपन कराया गया तथा इस कार्यक्रम में बाराद्वार शहर की महिलाएं एवं दादी भक्त उपस्थित रहे तो वही चाम्पा के श्री नारायणी धाम सेवा समिति परिवार ने इस पूरे वैवाहिक कार्यक्रम को संपन्न कराने में अपना अहम योगदान दिया। ज्ञात हो की चाम्पा के नारायणी धाम सेवा समिति द्वारा स्थापित भव्य रानी सती दरबार में जहां आए दिन समय-समय पर विवाह के आयोजन संपन्न हो रहे हैं।



राणी सती मंदिर में दो निर्धन कन्याओं का विवाह।

## बिजनेस प्लस




### किलर शो-रूम का शुभारंभ

**कोरबा।** अंतर्राष्ट्रीय गारमेन्ट ब्राण्ड 'किलर' के एक्सक्लूसिव शो रूम का शुभारंभ 19 अप्रैल को कोरबा के 'पाम मॉल' में हो चुका है। यह गिने-चुने उन भारतीय ब्रांड में शामिल है जो कि मूलतः पूरी तरह से भारत में बना तथा डिजाइन किया जाता है। किलर एक जीन्स (डेनिम) ओरिएन्टेड ब्रांड है जो कि काफी पुराने समय से भारतीय रेडिमेड मेन्स-वियर के मार्केट में राज कर रहा है। इसमें जीन्स (डेनिम) के अलावा शर्ट, टी-शर्ट, ट्राउजर, ब्लेजर इत्यादि सभी प्रकार के मेन्सवियर की विशाल रेंज उपलब्ध है। 'किलर' ब्रांड कम कीमत में बेहतरीन डिजाईन एवं क्वालिटी के प्रोडक्ट के लिए मशहूर है।

## स्वीप के तहत हुआ आयोजन, निष्पक्ष मतदान की ली गई शपथ

# मतदाता जागरूकता क्रिकेट मैच में कंट्रोल यूनिट इलेवन विजयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

स्वीप अंतर्गत मतदाता जागरूकता के लिए सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन रविवार को हाईस्कूल मैदान में किया गया। रोमांचक मुकाबले में कंट्रोल यूनिट इलेवन 8 विकेट से विजयी रही। इस मौके पर शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली गई।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के निर्देशन में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला प्रशासन इलेवन ( कंट्रोल यूनिट इलेवन ) एवं मीडिया इलेवन ( बैलेट यूनिट इलेवन ) के बीच मतदाता जागरूकता सद्भावना क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। हाई स्कूल मैदान जांजगीर में आज आयोजित 10-10 ओवरों की सीमित टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के मुकाबले में जिला प्रशासन इलेवन की टीम ने मीडिया इलेवन को 8 विकेट से हराया। जिला प्रशासन टीम की कप्तानी व्यय प्रेक्षक पवन कुमार एवं मीडिया टीम की कप्तानी पंकज नायक ने की। निष्पक्ष एवं निर्भीक मतदान की ली शपथ ज़िले में निष्पक्ष,शांतिपूर्ण व पारदर्शी निर्वाचन प्रक्रिया में सहभागी होकर निष्पक्ष व निर्भीक होकर मतदान करने के लिए व्यय प्रेक्षक पवन कुमार ने खिलाड़ियों, युवाओं एवं दर्शकों को शपथ दिलाई। सभी ने आगामी 7 मई को आयोजित चुनाव में स्वयं मतदान करने एवं शत प्रतिशत मतदान के लिए जागरूक करने का संकल्प लिया। मीडिया एकादश ने दिया 100 का टारगेट, 8 विकेट शेष रहते पूरा कर लिया प्रशासन की टीम ने मीडिया इलेवन की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। हाईस्कूल मैदान में हुए मुकाबले में मीडिया की टीम ने 10 ओवर में 99 रन का स्कोर बनाकर प्रशासन की टीम को जीत के लिए 100 रन का लक्ष्य दिया। जवाब में उतरी जिला प्रशासन इलेवन की टीम ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 2 विकेट के नुकसान पर 8 वें ओवर में लक्ष्य प्राप्त किया। शानदार प्रदर्शन के लिए अजय यादव को मैन ऑफ द मैच चुना गया। उद्घाटन समापन व पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन दीपक यादव व कमेंट्री बृजेश अग्रवाल ने की।



शील्ड के साथ विजयी टीम।

